कार्यालय जिला पंचायत राज अधिकारी, मीरजापुर।

पत्रांक– 05 /पं0–7/जनसूचना/2024–25 दिनांक 01/5/25

ग्राम पंचायत सचिव,
ग्राम पंचायत–मनौवा, विकास खण्ड–कोन,
द्वारा स0वि0अ0(पं0) कोन, मीरजापुर।

विषयः–सूचना अधिकार अधिनियम के अन्तर्गत प्राप्त ऑनलाइन सन्दर्भ संख्या–DIRPR/R/2025 /60529 दिनांक 25.03.2025 की सूचना उपलब्ध कराये जाने के सम्बन्ध में।

उपर्युक्त विषयक में आवेदक श्री योगी एम0पी0 सिंह, निवासी मुहल्ला सुरेकापुरम, जबलपुर रोड द्वारा प्रेषित आनलाईन आवेदन संख्या–DIRPR/R/2025 /60529 दिनांक 25.03.2025 का सन्दर्भ ग्रहण करें, जिसके द्वारा ग्राम पंचायत–मनौवा, विकास खण्ड कोन में वर्ष 2021–22, 2022–23, 2023–24 व 2024–25 में ग्राम पंचायत में की गयी बैठको की कुल संख्या, दिनांक, समय, पारित प्रस्ताव की प्रति, वार्ड सदस्यों के हस्ताक्षर सहित सूचना एवं ग्राम पंचायत मनौवा से भारत सरकार की पोर्टल पर अपलोड की गयी बैठकों की कुल संख्या के सम्बन्ध में सूचना की मांग की गयी है। आवेदक द्वारा चाही गयी सूचना ग्राम पंचायत से सम्बन्धित है।

अतः प्राप्त आवेदन पत्र इस पत्र के साथ संलग्न कर आपको निर्देशित किया जाता है कि आवेदक द्वारा चाही गयी सूचना आवेदक देते हुए उसकी एक प्रति अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें। निर्धारित अवधि में आवेदक को सूचना न उपलब्ध कराये जाने अथवा अपूर्ण/भ्रामक सूचना उपलब्ध कराने पर मा0 राज्य सूचना आयोग के द्वारा सूचना का अधिकार अधिनियम 2005 की धारा 20 के अन्तर्गत 250 रूपयें प्रतिदिन की दर से सूचना उपलब्ध न कराये जाने की तिथि तक जिसकी सीमा अधिकतम 25000/– तक हो सकती है। यदि आयोग द्वारा दण्ड अधिरोपित किया जाता है तो उसके लिए आप पूर्णतया जिम्मेदार होगें।

संलग्नक :– उपरोक्तानुसार।

1/5/25

जिला पंचायत राज अधिकारी
मीरजापुर।

पत्रांक– /दिनांकित।

प्रतिलिपि – निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित–

1. मण्डलीय उपनिदेशक(पं0) महोदय, विन्ध्याचल मण्डल, मीरजापुर।
2. खण्ड विकास अधिकारी, विकास खण्ड–कोन, मीरजापुर।
3. सहायक विकास अधिकारी (पं0) कोन को इस निर्देश के साथ कि आवेदक को ससमय सूचना दिलाते हुए उसकी एक प्रति अधोहस्ताक्षरी कार्यालय में उपलब्ध कराना सुनिश्चित करें।
4. श्री योगी एम0पी0 सिंह, निवासी मुहल्ला सुरेकापुरम, जबलपुर रोड, जनपद मीरजापुर 231001 द्वारा स0वि0अ0(पं0) सीटी, मीरजापुर।

जिला पंचायत राज अधिकारी
मीरजापुर।

Scanned with OKEN Scanner